# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
विनोवापुरी (लोलेपुर), निकट वर्मा उपवन, जनपद–सुल्तानपुर
Email ID- exenjn_rsultanpur@yahoo.com

पत्रांक : 1749 / W-19 / 79 दिनांक :02/05/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

विषय :–दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में प्रकाशित निगेटिव खबर के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक डिजिटल मीडिया दैनिक भास्कर में प्रकाशित निगेटिव खबर **"फूलपुर में जल जीवन मिशन का काम अधूरा पड़ा : 259.66 लाख की योजना अधूरी, 470 घरों को नहीं मिला शुद्ध पेयजल"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि **विकासखण्ड–कूरेभार में फूलपुर पाइप पेयजल योजना** का निर्माण कार्य मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी, नोएडा द्वारा कराया जा रहा है। योजना में प्रस्तावित कार्य नलकूप–01 नग, पम्पहाउस–01 नग, बाउन्ड्रीवाल–01 नग, उच्च जलाशय (125 किली0/16 मी0)–01 नग, पाइप लाइन–12.98 किमी0, एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन–470 नग, सोलर–01 नग हैं। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष नलकूप–01 पूर्ण, पम्पहाउस–01 नग पूर्ण, बाउन्ड्रीवाल–01 नग पूर्ण, वितरण प्रणाली–10.50 किमी0 पूर्ण, एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन–240 नग पूर्ण, उच्च जलाशय–01 नग जिंक एलम टैंक अधिष्ठापित (80%) पूर्ण है। योजना के अवशेष पाइप लाइन, हाउस कनेक्शन एवं उच्च जलाशय का कार्य प्रगति पर है।

कार्यदायी फर्म अपने पत्रांक VTL-GAJA JV/DWSM/SLNP/2026-2027/22 दिनांक 02.05.2026 (संलग्न) द्वारा अवगत कराया गया है कि योजना के समस्त कार्यो को दिनांक 30 सितम्बर, 2026 तक पूर्ण कराकर जलापूर्ति प्रारम्भ करा दिया जायेगा।

अतः उक्त प्रकरण निक्षेपित करवाने की कृपा करें।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

Pramod

**अधिशासी अभियन्ता**


**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपिः**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. जिलाधिकारी, सुलतानपुर।
2. मुख्य विकास अधिकारी, सुलतानपुर।
3. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) अयोध्या कैम्प–सुलतानपुर।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) अयोध्या।
6. श्री रवि प्रताप सिंह, सहायक अभियन्ता/श्री पी0के0 छाबड़ा, जूनियर इंजीनियर।
7. प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी, नोएडा।

**अधिशासी अभियन्ता**

# विकासखण्ड–कूरेभार में फूलपुर पाइप पेयजल योजना के कार्यस्थल का फोटोग्राफ



**Vindhya Telelinks Limited - Gaja Engineering Private Limited JV**
Club 125, 6th Floor, Tower 'A', Plot No.-3,4 & 5, Sector 125, Noida -201301, India
Phone: +91-120-4950200 | Fax: +91-120-4950222 | Email: epc.upjal@vtlrewa.com
PAN: AAHAV1983F | GSTIN: 09AAHAV1983F1Z4

**Letter No: VTL-GAJA JV/DWSM/SLNP/2026-2027/22** **Date: 02.05.2026**

**To,**
**Executive Engineer (Civil)**
**U.P Jal Nigam (Rural)**
**Sultanpur, Uttar Pradesh**

**Reference: Survey, Design, Preparation of DPR, Construction, Commissioning and O&M for 10 Years of Various Rural Water Supply Projects in the State of Uttar Pradesh as per Request for Proposal for Phase-3 Division- Ayodhya(Sultanpur).**

**Subject :- Submission of Completion Plan of Phulpur (Block Kurebhar).**

**Dear Sir,**

**With Reference to above subject, We are hereby submitting to you updated progress and Completion plan of Phulpur (Block Kurebhar).**

| S.NO | COMPONENTS | SCOPE | COMPLETED | BALANCE | TARGET DAY OF COMPLETION |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tubewell (Nos) | 1 | 1 | 0 | |
| 2 | OP & Compressor(Nos) | 1 | 1 | 0 | |
| 3 | Pump House(Nos) | 1 | 1 | 0 | |
| 4 | BW(Nos) | 1 | 1 | 0 | |
| 5 | Distribution(Kms) | 12.98 | 10.50 | 2.48 | 30-July-2026 |
| 6 | FHTC(Nos) | 470 | 240 | 230 | 25-Sept-2026 |
| 7 | Solar(Kw) | 1 | 1 | 0 | |
| 8 | Regular Water Supply | 470 | 0 | 470 | 30-Sept-2026 |
| 9 | OHT( 125 KL 16M Staging)-Job | 1 | 0.8 | 0.2 | 25-July-2026 |

Thanking you and assuring you of our best services at all the times.

Your Sincerely,

For **Vindhya Telelinks Ltd. - Gaja Engineering Pvt. Ltd. JV**
(Authorized signatory)

# फूलपुर में जल जीवन मिशन का काम अधूरा पड़ा: 259.66 लाख की योजना अधूरी, 470 घरों को नहीं मिला शुद्ध पेयजल

धर्मराज दुबे | कूरेभार(सुल्तानपुर), सुलतानपुर

1 दिन पहले




जल जीवन मिशन का काम अधूरा पड़ा।

फीडबैक दें

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं ➔
+Follow us

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत कूरेभार विकास खंड के फूलपुर गांव में हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य अभी तक अधूरा है। लगभग तीन वर्ष पूर्व 259.66 लाख रुपये की लागत से शुरू हुई यह परियोजना धीमी गति से चल रही है, जिसके कारण गांव में पानी की टंकी का निर्माण भी पूरा नहीं हो सका है। इस योजना से गांव के लगभग 470 घरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना है।

ग्रामीणों का आरोप है कि कार्यदाई संस्था की लापरवाही और विभागीय उदासीनता के कारण परियोजना केवल कागजों तक सीमित रह गई है। गांव में कई स्थानों पर पाइपलाइन बिछाने का काम अधूरा पड़ा है और निर्माण स्थल पर लंबे समय से कोई गतिविधि नहीं दिख रही है। गर्मी के मौसम में शुद्ध पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों में इसे लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है।

ग्रामीण राम सकल पांडेय ने बताया कि गांव में अभी तक न तो पाइपलाइन पूरी तरह बिछाई गई है और न ही पानी की टंकी तैयार हुई है। उन्होंने मांग की कि योजना को जल्द पूरा किया जाए ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। राम सजीवन पांडेय ने भी कार्य की सुस्ती पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि

वीडियो और देखें
फीडबैक दें
Download App from

Download on the App Store

Follow us on

विजय पांडेय ने कहा कि यह योजना जनहित से जुड़ी है, इसलिए इसे प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा किया जाना चाहिए। वहीं, संजू ने बताया कि यदि गांव में टंकी से पानी की आपूर्ति शुरू हो जाती, तो लोगों को काफी सहूलियत होती और उन्हें पेयजल के लिए भटकना नहीं पड़ता।

इस संबंध में ग्राम प्रधान राम चरन ने जानकारी दी कि उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कई बार कार्य में तेजी लाने की मांग की है। उन्होंने आश्वासन दिया कि ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए जल्द ही निर्माण कार्य पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस मामले का संज्ञान लेने और निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की है, ताकि गांव के लोगों को जल्द से जल्द शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके।

**दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →**

+Follow us

## खबरें और भी हैं...

**सुल्तानपुर में ज़मीनी विवाद में महिलाओं पर हमला: चाचा-बेटों ने बाहरी बदमाशों संग किया हमला, कई महिलाएं घायल**




सुलतानपुर › शेयर

Advertise with Us | DB Reporter | Sitemap | Terms & Conditions and Grievance Redressal Policy | Contact Us | RSS | Cookie Policy | Privacy Policy

Our Divisions
DainikBhaskar.com
DivyaBhaskar.com
BhaskarEnglish.in
DivyaMarathi.com
MoneyBhaskar.com
BhaskarAd.com

Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved

This website follows the DNPA Code of Ethics.

फीडबैक दें